प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 26.10.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने प्रत्येक भारतीय को गौरवान्वित किया है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार एक समय माओवादी आतंक से प्रभावित इलाकों में भी खुशी के दीये जलाए गए। उन्होंने कहा कि लोग अपने बच्चों के भविष्य को खतरे में डालने वाले माओवादी आतंक का पूर्ण रूप से उन्मूलन चाहते हैं।

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश की आज़ादी और जनजातीय समुदाय के अधिकारों के लिए उनके कार्य अद्वितीय है।

****

छठ महापर्व के दूसरे दिन आज खरना का अनुष्ठान किया जा रहा है। सूर्यास्त के बाद छठ व्रती गुड़ और दूध से बनी खीर को सूर्य देव को भोग अर्पित करेंगे। कल अस्ताचालगामी सूर्य को पहला अर्ध्य अर्पित किया जाएगा। इधर, राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में छठ को लेकर घाटों को सजा कर तैयार कर लिया गया है। बाजारों में फल और पूजा सामग्री की खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ रही है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा के द्वितीय अनुष्ठान खरना की सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं।

****

जमशेदपुर में लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर व्रतियों और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। जिले के सभी 150 घाटों को सुरक्षित और सुविधाओं से युक्त बनाया गया है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चाईबासा में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाए जाने की घटना पर संज्ञान लेते हुए सिविल सर्जन समेत संबंधित अधिकारियों को निलंबित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि पीड़ित बच्चों के परिवारों को दो–दो लाख रुपये की सहायता राशि और संक्रमित बच्चों का पूरा इलाज राज्य सरकार कराएगी।

****

बिहार विधानसभा चुनाव में झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस की ओर से ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। इस संबंध में संगठन के अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया ने पत्र जारी किया है। जिम्मेवारी मिलने पर मंत्री ने कांग्रेस नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि आदिवासी समाज का हर वोट महागठबंधन के पक्ष में जाए, इसके लिए वह पूरी ताकत से काम करेंगी।

****

पाकुड़ जिले के हिरणपुर प्रखंड स्थित बेल पहाड़ी मौजा में पत्थर खनन के दौरान हुए हैवी ब्लास्टिंग से मकान क्षतिग्रस्त होने के विरोध में ग्रामीणों और खनन पट्टाधारी के कर्मियों के बीच पथराव हुआ। घटना के बाद ग्रामीणों ने खदान को बंद करा दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराते हुए मामले की जांच शुरू कर दी।

****

सरायकेला थाना क्षेत्र के सीनी ओपी अंतर्गत आज सुबह सड़क दुर्घटना में एक 25 वर्षीय युवक घायल हो गया। घायल को सरायकेला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

****

मौसम विभाग ने राज्य में 28 से 30 अक्टूबर तक बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी भाग में बना गहरा निम्न दबाव क्षेत्र प्रबल चक्रवातीय तूफान में परिवर्तित होने की ओर अग्रसर है। कल सुबह तक इसके गहरे निम्न दबाव से चक्रवातीय तूफान का रूप लेने के आसार हैं। उत्तर–पश्चिम की ओर बढ़ते हुए 28 अक्तूबर की सुबह तक यह गंभीर चक्रवातीय तूफान में बदल जाएगा। इसका सीधा असर झारखंड पर पड़ेगा। अगले तीन दिन में ठंड भी बढ़ने की संभावना जताई गई है।

********समाप्त********